राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–151/2024

राज्यपाल ने लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने का आवाहन किया

पटना, 09 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने का आवाहन करते हुए कहा है कि वे आगामी 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराएँ। इससे लोगों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति जागरूकता के साथ–साथ सम्मान का भाव बढ़ेगा तथा उनके हृदय में देशभक्ति की भावना भी बढ़ेगी। इससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी।

राज्यपाल ने कहा कि अपने घर में तिरंगा फहराने से राष्ट्रध्वज से हमारा भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा और यह हमें देश की प्रगति में महत्तम योगदान देने हेतु कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आकाश में फहराते करोड़ों झंडे भारत को फिर से महान बनाने की देश की संयुक्त इच्छा शक्ति की अभिव्यक्ति होगी।

इस अभियान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए 'harghartiranga.com' पोर्टल पर अपना सेल्फी अपलोड किया जा सकता है।

....